Department of Pharmacy, BITS Pilani has organised and celebrated World Pharmacy Day.

**कार्यक्रम** भारतीय दवा उद्योगों की प्रगति पर चर्चा की

# बिट्स पिलानी, परिसर मे विश्व फार्मासिस्ट दिवस आयोजित



**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** बिट्स पिलानी, पिलानी परिसर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस 25 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है ताकि जनता और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को जागरूक किया जा सके। फार्मासिस्ट स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग है। पिलानी परिसर की फार्मासियूटिक्ल सोसायटी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद एक लघु वीडियो के साथ 1950 बैच से बिट्स फामेर्सी की प्रगति की झलक दिखाई गई इसके पश्चात प्रो. आतिष पॉल तालियान अतिथियों का परिचय का दिया और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि बिट्स पिलानी के पूर्वा छात्र कलानी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने जीवन के कुछ अनुभवों को साझा किया और इस क्षेत्र में तथा जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने कॉलेज जीवन की कुछ पुरानी यादों को भी साझा किया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और समाज की बेहतरी में फार्मासिस्टों के योगदान और समाज में उनकी महम्वपूर्ण भूमिका की सराहना करने और उन्हे सम्मानित करने के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता है। इस शुभ अवसर पर बिट्स पिलानी के दो विशिष्ट पूर्व छात्रों उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया ।

पूर्व छात्र विनोद कलानी ने 1977 में बिट्स पिलानी से फामेर्सी (ऑनर्स) में स्नातक किया। श्री कलानी उद्यमिता के लिए जाने जाते हैं। श्री कलानी ने भारतीय फार्मास्युटिकल पेशेवर, फार्मासिस्ट और अनुसंधान वैज्ञानिक की भूमिका पर जोर दिया, कि कैसे कोविड -19 संक्रमण के दौरान, गुणवत्तापूर्ण दवा, रोगियों की सेवा और उन्हे सहायता प्रदान तथा उनकी जरूरी आवश्यकता को पूरा करने में अपना योगदान दिया। उन्होंने भारतीय दवा उद्योगों की प्रगति पर चर्चा तथा बताया कैसे दुनिया भर भारतीय दवा उद्योगो के मान्यता प्राप्त है।

फामेर्सी, बिट्स पिलानी के 1976 बैच के डॉ राकेश गुप्ता को 40 वर्षो से अधिक का पेशेवर शिक्षण, फार्मा उत्पादन, गुणवत्ता और प्रशासनिक अनुभव है । उन्होंने समाज के उत्थान में योगदान देने वाले फार्मासिस्ट के बारे में अपने विचार साझा कीये ।

कार्यक्रम का समापन डॉ. अनिल गायकवाड़ और डॉ. आर. महेश द्वारा अतिथियों को हमारे मेहमानों को बिट्स पिलानी के मोमेन्टो की प्रस्तुति के साथ हुआ तथा सभी की उपस्थिति के लिए अपना आभार व्यक्त किया ।

राजस्थान पत्रिका, 27.09.2022

# बिट्स में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**पिलानी.** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस बिट्स में विश्व फार्मासिस्ट दिवस रविवार को मनाया गया । संस्थान के फार्मासियूटिक्ल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में बिट्स के पूर्व विद्यार्थी विनोद कलानी मुख्यअतिथि थे। डा. राकेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने अपने जीवन के अनुभव बांटते हुए प्रतिभागियों से जीवन में उत्कृष्ठता प्राप्त करने के लिए सदैव कार्य करने की बात कही। इससे पहले बिटस के प्रो. आतिष पॉल तालियान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। आयोजन समिति के डा. अनिल गायकवाड , डा. आर. महेश ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।